सेंट मोन्टफोर्ट कप अर्न्तविद्यालयीन बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट 2018

आज दिनांक 18 जनवरी 2018 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय में पहले सेंट मोर्ट कप अर्न्तविद्यालयीन बालिका क्रिकेट कप टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया।

मेजबान टीम के प्राचार्य ब्रदर टी एलेक्स जी ने टूर्नामेंट के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की । उन्होनें सभी खिलाडियों का व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएँ दी । सेंटमोंट फोर्ट विद्यालय की कप्तान अंशुलिका सिंह ने सभी खिलाड़ियों को खेल को नियमपूर्वक व खेलभावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई।

पहले दिन हुए मैचों में मेजबान टीम सेंटमोटफोर्ट ने सेंट टेरेसा विद्यलय की टीम को पराजित किया। कप्तान अंशुलिका सिंह ने धुँआधार पारी खेल कर अपनी टीम को विजयी मुकाम तक पहुँचाया । दूसरे मैच में सेंट थॉमस विद्यालय की टीम ने कार्मल कॉनवेन्ट स्कूल ,रतनपुर की टीम को पराजित किया।

अंशुलिका सिंह (सेंटमोटफोर्ट विद्यालय) व श्रेया तिवारी (सेंट थॉमस विद्यालय) को **'वुमैन ऑफ द मैच'** की ट्राफी प्रदान की गई । अंशुलिका सिंह 21 गेंदों में 39 रन बनाए और साथ ही 2 विकेट भी लिये । श्रेया तिवारी ने 11 रन बनाये और 1 विकेट लिया ।